**Regarding need to construct Ajmer-Kota railway line-Laid**

श्री दामोदर अग्रवाल **(**भीलवाड़ा**) :**मैं सरकार का ध्यान अजमेर-कोटा रेल मार्ग की ओर आकृष्ट चाहता हूँ, ज्ञात हो कि वर्ष 2013-2014 में अजमेर रेलवे मंडल द्वारा अजमेर कोटा रूट की सर्वे रिपोर्ट, रेलवे बोर्ड के माध्यम से रेल मंत्रालय में जमा कराई गई थी और इस अजमेर कोटा रेलमार्ग को रेलवे मंत्रालय की पिंक बुक में भी शामिल किया गया था, यह मार्ग सामरिक दृष्टि से भी कोटा को जोधपुर सेना के बेस कैंप तक जोड़ेगा । इस योजना के अंतर्गत नसीराबाद से जलींध्री ( मांडलगढ़) वाया केकड़ी-देवली- शक्करगढ़ नई रेल लाइन द्वारा अजमेर से कोटा को रेलमार्ग से जोड़ना प्रस्तावित था । अतः मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि रेल मन्त्रालय द्वारा ?अजमेर कोटा रेलवे लाइन? का विकास करके प्रदेश के कई शहरों को आपस में जोड़ने का अति महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ करें ।